

02

गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब की एचएसजीपीसी ने संभाली कमान

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

प्रतियोगिताएं निखारती हैं प्रतिभा की छवि को : सुरेंद शर्मा बबली



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 22 फरवरी 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-माघ, शुक्ल पक्ष तृतीया, मूल्य, 2.00 रुपए


# भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना आवश्यक: डॉ. केके गुप्ता

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** जी-20- भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में मंगलवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आर एंड डी सेंटर, फरीदाबाद द्वारा जी-20-भ्रष्टाचार के खिलाफ एक वैश्विक सहयोग पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. जीएस कपूर, पूर्व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आई/सी(केमिकल टेक्नोलॉजी एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन एंड फोरकास्टिंग) और हेड न्यू आर एंड डी कैंपस रहे। विपुल शर्मा (मुख्य प्रबंधक, विजिलेंस) ने मुख्य अतिथि डॉ.जीएस कपूर और चेयरपर्सन डॉ.कृष्णकांत को पौधा भेंट कर उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया।




कार्यक्रम में संबोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. केके गुप्ता। आज समाज

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान के लिए अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ को चुनने के लिए आभार व्यक्त किया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को जी-20 के मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बहुत अह्राछे से उदाहरणों के द्वारा सदाचार और भ्रष्टाचार के अंतर को बखूबी समझाया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे मानसिक रूप से शपथ लें कि वे भ्रष्टाचार न करेंगे और न ही करने देंगे। डॉ.जीएस कपूर ने बताया कि कैसे भ्रष्टाचार स्थायी आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, बाजार की प्रतिस्पर्धा को रोकता है। यह समुदायों और देश की समृद्धि और सुरक्षा में भी बाधा डालता है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार कोई स्थानीय घटना नहीं है बल्कि यह वैश्विक घटना है। लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के मामले में भ्रष्टाचार आम आदमी को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। इसलिए देश की वृद्धि और विकास के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना आवश्यक है। उन्होंने तीन प्रकार की सतर्कता-निवारक, दंडात्मक और सहभागी सतर्कता के बारे में बहुत अह्राछे ढंग से व्याख्या की।

इस संगोष्ठी में एनएसएस, स्वह्राछता सेनानी टीम, एनसीसी, यूथ रेड क्रॉस, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। छात्रों में जागरूकता और रुचि पैदा करने के लिए कॉलेज परिसर में निबंध लेखन और पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। जिसमें निबंध लेखन में 74 और पोस्टर मेकिंग में 68 विद्यार्थिओं ने भाग लिया।